जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा ◆ पिपरिया ◆ सोहागपुर ◆ मुलताई ◆ सारनी ◆ आमला ◆ टिमरनी ◆ खिरकिया

भोपाल 02 मई 2026

# 'नीर पखेरू अभियान' बन रहा पशु-पक्षियों के लिए 'जीवनदान'

**जागरण नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नर्मदापुरम द्वारा संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में विकासखंड नर्मदापुरम की नगर विकास प्रस्फुटन समिति, संजय नगर द्वारा कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अनुपम पहल 'नीर पखेरू अभियान' के तहत पक्षियों के लिए सकोरे लगाने का सराहनीय कार्य किया गया। 'एक सकोरा, पानी पक्षियों की जिंदगानी' थीम पर कार्य करते हुए समिति के सदस्यों ने वार्ड में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के सकोरे स्थापित किए तथा पक्षियों के लिए घोंसले भी लगाए। बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए पक्षियों को पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। विशेष रूप से, इन सकोरों में नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी समिति की महिला कार्यकर्ताओं ने स्वयं ली है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि पक्षियों को पूरे ग्रीष्मकाल में पानी की कमी न हो। इस जनहितैषी कार्यक्रम में नवांकुर संस्था ज्ञान सरोवर वेलफेयर सोसाइटी के साहिल तिलोटिया एवं नगर विकास समिति की अध्यक्ष कविता राजपूत का विशेष योगदान रहा।



## नपाध्यक्ष और सीएमओ ने रखे सकोरे



**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्टर के निर्देशन में संचालित नीर पखेरू अभियान के तहत नपा कार्यालय परिसर के बाहर भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत देने के लिए नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले और नपा के उपयंत्री, अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पानी से भरे सकोरे रखे गए। इस दौरान सभी ने संयुक्त रूप से नागरिकों से आव्हान किया कि वे भी आसपास के पेड़ पौधों पर, घर की छत पर, आंगन आदि स्थानों पर सकोरा अवश्य रखें और इस भीषण गर्मी में मूक प्राणियों का सहारा बनें।

# शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा कोर्ट ने लगाया 15000 का जुर्माना

**जागरण सोहागपुर।** सड़क पर घटित हो रही दुर्घटनाओं एवं दम तोड़ रही युवा पीढ़ी के आंकड़ों पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस लगातार लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने का काम कर रही है। आमजन यातायात नियमों का पालन करें, इसके लिए पुलिस मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही करने का काम भी कर रही है वहीं पुलिस आमजन से यातायात के नियमों का पालन कराने के लिए संकल्पित है। पुलिस की सख्ती के कारण लोगों को शराब पीकर वाहन चलाना महंगा पड़ रहा है। सोहागपुर के पलकमती पुल के पास इनोवा कार क्रमांक एमपी 04 टीए 2640 सफेद रंग की कैलाश गोस्वामी पिता राधेश्याम गोस्वामी निवासी मुड़ियाखेड़ा शराब पीकर चलाते हुए पाए गए। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 , 3/181 के तहत कार जप्त कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय के द्वारा प्रकरण में 15 हजार रुपए के जुर्माने से आरोपी को दंडित किया गया है। थाना प्रभारी राहुल रायकवार ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों की निरंतर चेकिंग कार्रवाई जारी है।




## पुलिस ने पकड़ी 50 हजार रु. से अधिक की शराब

**जागरण सोहागपुर।** जिलेभर में पुलिस के द्वारा अवैध शराब की धर पकड़ को लेकर मानो एक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भी पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन प्रकरण बनाए गए हैं।

ग्राम लांघा निवासी सरफराज उर्फ शादाब पिता शरीफ खान के कब्जे से पुलिस ने लगभग 50 हजार 400 रुपए कीमत की शराब जप्त की है। पुलिस ने सरफराज से अंग्रेजी शराब के 8 बोतल ऑफिसर च्वाइस 750 एमएल की 8 पीएम कंपनी के 10 नग 750 एमएल की बोतल रॉयल स्टैच कंपनी के 24 नग 750 एमएल की बोतल कुल 42 बोतल गत रात्रि में जब्त की है। शोभापुर चौकी अंतर्गत खुमान सिंह पिता राजू कुशवाहा निवासी अजनेरी से हाथ भट्टी कच्ची महुआ की 5 लीटर शराब जप्त की है।

आकाश पिता जसवंत अहिरवार निवासी चंदेरी से 20 क्वार्टर देसी शराब प्लेन जप्त की गई। सभी प्रकरणों में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए हैं।

## न्यूज कार्नर

### पटवा वैश्य महासभा का शपथ ग्रहण समारोह कल

**जागरण नर्मदापुरम।** मां नर्मदा के पावन तट पर स्थित पटवा मंगल भवन में 3 मई को अभा पटवा वैश्य महासभा का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन में प्रदेशभर से समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और प्रतिनिधि शामिल होंगे। समारोह में विधायक सीतासरण शर्मा तथा अभा पटवा वैश्य महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकांत पटवा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं नव मनोनीत पदाधिकारी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह को केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के भविष्य की दिशा तय करने वाला मंच माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, रोजगार, सामाजिक एकता और संगठन को मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर ठोस रणनीति बनाई जाएगी। आयोजकों ने प्रदेशभर के पटवा समाज से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### पूर्व नपाध्यक्ष मीना वर्मा बनीं प्रदेश महासचिव

**जागरण नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले एवं सभी प्रकोष्ठों एवं विभागों के प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह चौहान की सहमति से पूर्व नपाध्यक्ष मीना वर्मा को नगरीय निकाय प्रकोष्ठ में प्रदेश महासचिव बनाया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रीमती वर्मा को बधाई देते हुए प्रदेशाध्यक्ष एवं वरिष्ठों का आभार व्यक्त किया है।



### प्रगणक और सुपरवाइजर्स को किट वितरित की

**जागरण नर्मदापुरम।** आगामी दिनों में शुरू होने वाली जनगणना के लिए शुक्रवार को नपा कार्यालय में प्रगणक और सुपरवाईजर्स को किट वितरित की गई। फील्ड पर उपस्थित रहने वाले सभी कर्मचारियों को पारदर्शितापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी एवं कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि जनगणना चार्ज अधिकारी एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 180 प्रगणक और 20 सुपरवाइजर्स को आज किट वितरित की गई है। सुनील राठौर के अनुसार सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स को जनगणना कार्य को पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### बड़गूजर बने जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के महासचिव

**माखननगर ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संगठन प्रभारी डॉ संजय कामले की सहमति से जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विवेक सिंह तोमर ने प्रबंध समिति की सूची जारी की है। जिसमें नगर कांग्रेस नेता ब्रज भारती बडगूजर को प्रदेश महासचिव बनाया है ब्रज भारती बड़गूजर की नियुक्ति पर कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए वरिष्ठ नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से साथियों ने श्री भारती को बधाई दी।



## गेहूं उपार्जन के लिए कलेक्टर के निर्देश पर की जा रही सतत मॉनीटरिंग

# एसडीएम ने उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**जागर नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में गेहूं उपार्जन हेतु निर्धारित उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निर्बाध एवं सुचारू गेहूं खरीदी के उद्देश्य से जिला उपार्जन समिति, समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं खंड स्तरीय समिति द्वारा लगातार उपार्जन केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

इसी क्रम में एसडीएम सोहागपुर प्रियंका भलावी, तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा रबी उपार्जन 2026 की सतत मॉनिटरिंग के तहत विभिन्न वेयरहाउसों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विशाल, सावी, विजयलक्ष्मी, नर्मदा एवं बालाजी वेयरहाउस में व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई।



अधिकारियों ने तोल कांटों की शुद्धता, गेहूं तौल कार्य की प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता, स्टैकिंग व्यवस्था, किसानों के लिए पेयजल एवं छाया की व्यवस्था, साथ ही परिवहन एवं भंडारण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उपार्जन कार्य को पूर्ण पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त खुले में रखे गेहूं के स्कंध को संभावित वर्षा से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों द्वारा दिए गए।

## नापतौल विभाग ने की उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों की जांच एवं सत्यापन कार्य

**जागरण नर्मदापुरम।** जिले में गेहूं उपार्जन कार्य को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नापतौल विभाग नर्मदापुरम द्वारा विभिन्न खरीदी केन्द्रों पर निरीक्षण एवं सत्यापन कार्य किया गया। निरीक्षण के दौरान सेवा सहकारी समिति जसलपुर, राधा आजीविका स्व सहायता समूह जसलपुर, सेवा सहकारी समिति रैसलपुर, सेवा सहकारी समिति रामपुर गुर्रा तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सनखेड़ा में गेहूं उपार्जन हेतु उपयोग किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों की नियमानुसार बाट रखकर जांच की गई। साथ ही तौल कांटों का सत्यापन कार्य भी किया गया। निरीक्षण टीम द्वारा केन्द्रों पर किसानों से खरीदे गए गेहूं के बोरों का पुनः तौल कर सत्यापन सुनिश्चित किया गया, जिससे तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। सहायक नियंत्रक नापतौल सलिल ल्यूक ने सभी संबंधित संस्थानों को निर्देशित किया कि वे अपने वेयरहाउस में उपयोग किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों के साथ दो डिस्प्ले अनिवार्य रूप से स्थापित करें। एक डिस्प्ले संस्थान के अंदर ऑपरेटर के लिए तथा दूसरा बाहर लगाया जाए, ताकि किसानों एवं अन्य व्यक्तियों को अपने अनाज या सामग्री का वजन स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके।

# नपाध्यक्ष व सीएमओ सहित अधिकारी कर्मचारियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण




**जागरण नर्मदापुरम।** शुक्रवार को नपा कार्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, सीएमओ हेमेश्वरी पटले, उपयंत्री दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता, आयुषी रिछारिया सहित नपा के 60 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

स्वच्छता प्रभारी अधिकारी दीक्षा तिवारी ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत सुपर 75 शहरों में शामिल नर्मदापुरम में भी अनेक प्रकार की गतिविधियां नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को नपा के अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ एसएस मीना एवं डॉ सैफानी नागर द्वारा समस्त कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, हिमोग्लोबिन आदि की जांच की गई।

## सेठानी घाट पर हुई महाआरती



**जागरण नर्मदापुरम।** सेठानीघाट पर परम्परागत रूप से होने वाली मां नर्मदा की महाआरती वैशाख शुक्ल पूर्णिमा को प्राचीन नर्मदा मंदिर के सामने पंच विप्रजनों द्वारा सम्पन्न हुई। महाआरती के संयोजक प्रशान्त मुन्नू दुबे ने बताया कि महाआरती का यह आयोजन मई 2009 में महन्त प्रज्ञा भारती जी के सानिध्य में तथा पूर्व विधायक पं गिरिजा शंकर शर्मा के मार्गदर्शन में सेठानी घाट पर प्रारम्भ हुआ था तब से आज तक लगातार पूर्णिमा और विभिन्न राष्ट्रीय और धार्मिक पर्वों पर नगरवासियों की आस्था एवं विश्वास का आयोजन बन गया है । नर्मदा महाआरती का यह गौरवशाली 16 वां वर्ष है ।

## सपाक्स पदाधिकारियों ने किया अभिज्ञान और सूर्यांश का सम्मान

**जागरण सोहागपुर।** इसरो की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर चयनित होने वाले ग्राम शोभापुर निवासी अभिज्ञान पुरोहित एवं आईआईएम बैंगलोर में सूर्यांश गहरैया का चयन होने से पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। उक्त दोनों छात्रों की बहुमूल्य उपलब्धि पर उनकी हौसला अफजाई करने सपाक्स की टीम ग्राम शोभापुर एवं सोहागपुर में उनके घर पहुंची। संगठन के जिला अध्यक्ष के के त्रिपाठी के नेतृत्व में पूरी टीम द्वारा क्षेत्र की प्रतिभाओं के रूप में दोनों सम्मान किया गया। इस दौरान सपाक्स के पदाधिकारियों ने दोनों छात्रों के माता-पिता सहित परिजनों को भी सम्मानित करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि इसरो में चयनित छात्र अभिज्ञान शिक्षक राजेश पुरोहित एवं पीयूष पुरोहित के पुत्र हैं। इसी प्रकार से सूर्यांश विवेकानंद एकेडमी के संचालक अनिल गहरैया एवं प्राचार्य अनीता गहरैया के पुत्र हैं। इस दौरान के के शर्मा, मैथलीशरण पटेल, राजेश दीक्षित, जितेंद्र बैरागी, नरेन्द साहू , भरत साहू, लक्ष्मी नारायण परोनिया, राजेश्वरी प्रसाद मिश्रा, दिनेश कुमार शर्मा, रजनीश शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।



# नर्मदा सेवा समागम के तहत पर्यटन घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



**जागरण नर्मदापुरम।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्थाएं वीणा पाणि संगीत एवं सामाजिक संस्था तथा वसुंधरा सामाजिक संस्था बीसारोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में नर्मदा सेवा समागम कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन घाट नर्मदापुरम में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत घाट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई तथा मां नर्मदा की विधिवत पूजा-अर्चना कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान संस्था के आनंद नामदेव ने कहा कि मां नर्मदा का जल स्वच्छ रहने से जलचर सुरक्षित रहेंगे, जल पीने योग्य बना रहेगा तथा स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की व्याधि का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम जिला समन्वयक पवन सहगल एवं ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम में संतोष पचलानिया, दीपेश पटेल, देवीशरण चौरे, आशीष नामदेव, आदित्य परसाई, विशाल सगर, मदनमोहन बड़कर, अनुराधा पटेल, सुरेखा चौरे सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष नरेंद्र पटेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# मजदूर दिवस पर किया स्वच्छता सैनिकों को सम्मानित

**जागरण सिवनी मालवा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर स्वच्छता सैनिकों को तिलक लगाकर माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया। विश्व हिंदू परिषद नगर मंत्री सुशील गोहर ने बताया कि अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा स्थानीय राठौर धर्मशाला मैदान पर कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी, पार्षद डॉ किरण राठौर आदि की उपस्थिति में स्वच्छता श्रमिकों का स्वागत किया गया एवं मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर ने सभी श्रमिकों को दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सनातन धर्म की दृष्टि से देखें तो श्रम केवल जीविका साधन नहीं बल्कि एक पवित्र कर्तव्य धर्म है जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर संयमी और समाज के प्रति उत्तरदाई बनाता है।

## सुरीला नर्मदापुरम | पार्श्व गायक मन्ना डे की जयंती पर नर्मदापुर युवा मंडल का आयोजन

# संगीत प्रेमियों ने गुनगुनाए मन्ना डे के फिल्मी नगमें




**जागरण नर्मदापुरम।** नर्मदापुर युवा मंडल के तत्वाधान में सुरीला नर्मदापुरम के मंच नेहरू पार्क में महान पार्श्व गायक मन्ना डे की जयंती पर शुक्रवार शाम को स्वर लहरी संगीत का आयोजन हुआ।

इस संगीतमय कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

कार्यक्रम में इटारसी और नर्मदापुरम के कलाकारों ने सुर और ताल में एक से बढ़कर एक फिल्मी नगमें गुनगुनाए। संगीत कलाकार दीपक सोनी, अमित गौर, विजय तिवारी, पवन मालवीय, मुकेश शुक्ला, अनीता राठौर, नेहा गौर, प्रीती मालवीय, चंद्रप्रभा नामदेव, हेमंत साहू, संजीव सक्सेना, मोनल हर्णे, तरुण देव द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं सुरीला नर्मदापुरम के कलाकारों संगीत गुरु डॉ. कमल झा, अनुजा आचार्य, सूरज तलरेजा, माधवी दुबे, मनीष दुबे, कंचन बनौधा, हरीश मांझी, हिमांशी परिता, भारती शुक्ला, प्रकाश आहूजा, आनंद मोहन शुक्ला, कमल सिंह राजपूत, रक्षा श्रीवास्तव द्वारा महान गायक मन्ना डे की जयंती पर उनके गीतों को गाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम का संचालन माधवी दुबे तथा मुकेश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने गीत संगीत का आंनद लिया।

SBI **भारतीय स्टेट बैंक**, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-4, वक्रतुंड शॉपिंग काम्पलेक्स, बस स्टैंड के सामने, नर्मदापुरम फोन : 07574251900, ईमेल rm.rbohoshangabad@sbi.co.in

**बैंक शाखा हेतु व्यावसायिक भवन की आवश्यकता है**

भारतीय स्टेट बैंक को अपनी सराफा शाखा संचालन हेतु, सारफा बाजार नर्मदापुरम, तहसील नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम भूतल में लगभग 2500 वर्ग फीट क्षेत्रफल के व्यावसायिक भवन की किराये पर आवश्यकता है। व्यावसायिक भवन सामने से लगभग 30-40 फिट खुला वाहन पार्किंग हेतु लगभग 1000 वर्ग फिट स्थान (लगभग 2500 वर्ग फीट क्षेत्रफल के व्यावसायिक भवन के अतिरिक्त) 30 किलो वाट का विध्युत कनेक्शन, समुचित पार्किंग व्यवस्था, जनरेटर रखने हेतु स्थान उपलब्ध होना चाहिये। भवन स्वामी को भवन में बैंक की आवश्यकतानुसार लॉकर (Locker) हेतु स्ट्रॉंग रूम (STRONG ROOMS) व अन्य कक्षों का निर्माण करवाकर एवं फर्श पर टाइल्स लगवाकर देनी होगी। प्रस्ताव बंद लिफाफे में क्षेत्रीय प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय-4, वक्रतुंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड के सामने, नर्मदापुरम को संबोधित होना चाहिए प्रस्ताव दो अलग-अलग लिफाफे में प्रस्तुत किये जाने हैं, जिसमे से एक पर वैकल्पिक भवन तकनीकी लिखा होना चाहिये तथा इसमें प्रस्तावित भवन का पता, भवन के व्यावसायिक उपयोग हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा प्राप्त अनुमति की प्रति भवन का एमओएस सहित स्वीकृत नक्शा, प्रॉपर्टी टैक्स के भुगतान की रसीद, प्लाट का क्षेत्रफल एवं अन्य तकनीकी शर्त जानकारी होगी दूसरे लिफाफे में वैकल्पिक भवन वित्तीय लिखा होना चाहिए तथा इसमें निर्मित क्षेत्र (Built up Area) व प्रति वर्गफिट किराया प्रति माह एवं अन्य वित्तीय नियम व होना चाहिये। प्रस्ताव का प्रारूप पात्रता मानदंड, नियम व शर्ते और अन्य विवरण तथा निविदा कागजात बैंक की वेबसाईट www.sbi.bank.in पर लिंक "Procurement News" के अंतर्गत दिनांक 14.05.2026 तक डाउनलोड किये जा सकते है। ये बंद लिफाफे इस विज्ञापन प्रकाशित होने से दिनांक 14.05.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक क्षेत्रीय प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय 4. वक्रतुंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड के सामने, नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम पर पहुँचना अत्यावश्यक है। किसी भी प्रकार की दलाली (Brokerage) अमान्य है। भारतीय स्टेट बैंक किसी भी प्रस्ताव को बिना कारण बताए स्वीकृत निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्षेत्रीय प्रबंधक

## न्यूज कार्नर

### आज 5 घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**जागरण, टिमरनी।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र टिमरनी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शनिवार 2 मई 2026 को प्रातः 6 बजे से दोपहर 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग ने बताया कि 33/11 केवी छोटी हरदा से नई 33 केवी चारखेड़ा लाइन के निर्माण कार्य हेतु 33 केवी टिमरनी लाइन का काशिंग कार्य किया जाएगा। इसके चलते चारखेड़ा उपकेंद्र, टिमरनी उपकेंद्र एवं उन्द्राकच्छ उपकेंद्र से निकलने वाले समस्त 11 केवी फीडरों की बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि कार्य की प्रगति के अनुसार समय में परिवर्तन भी किया जा सकता है।

### राजस्थानी गैर महोत्सव 12 मई को

**जागरण, हरदा।** जिले की पुरानी और पारंपरिक खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से खिलता कमल राजस्थानी गैर महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता की तिथि और स्थान में परिवर्तन किया गया है। अब यह आयोजन 12 मई मंगलवार को स्थानीय नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। आयोजक विजय जेवल्या ने बताया कि राजस्थानी गैर हरदा जिले का अत्यंत प्राचीन और पारंपरिक खेल है। पूर्व में हर गाँव में गैर की टीमें हुआ करती थीं और एक मंडल में लगभग 50 लोग शामिल होते थे। समय के साथ यह परंपरा कम होती गई, जिसे पुनः जीवित करने के लिए इस महोत्सव का आगाज किया गया है। यह प्रतियोगिता पूरी रात चलेगी, जिसमें हजारों की संख्या में दर्शकों के जुटने की उम्मीद है। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक संजय शाह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद पटेल एवं नगरपालिका अध्यक्ष भारती कमेडिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

### ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू

**जागरण, हरदा।** मध्य प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशन में पूरे प्रदेश में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 के नाम से संचालित किया जा रहा है। जिले में ग्रीष्मकालीन शिविर के आयोजन हेतु गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में अपर कलेक्टर पुरूषोतम कुमार की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में प्रति वर्ष खेल शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष जिला स्तर पर चार खेल फुटबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हैंडबॉल के अतिरिक्त वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो खो, हॉकी, कुश्ती, चेस, पीट्टू, रस्सीकुद एवं खिरकिया ब्लॉक में 2 खेल कबड्डी, खो खो के अतिरिक्त कराते, टिमरनी ब्लॉक में 2 खेल बैडमिंटन, कबड्डी के अतिरिक्त टेबल टेनिस, मलखम एवं कराते आदि खेलो का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्री कुमार ने बताया कि खेल प्रशिक्षण सुबह शाम आयोजित होंगे, जिसमें बच्चों को खेल प्रशिक्षक के द्वारा विशेष प्रशिक्षण खेल कौशल सिखाया जाएगा। इस दौरान खेल अधिकारी व प्रशिक्षक मौजूद रहे।

चाची-भतीजे को पिकअप ने और बाइक सवार युवक को ट्रक ने मारी टक्कर

# जिले में दो सड़क हादसेः महिला और एक युवक की मौत, एक अन्य घायल



**जागरण, हरदा।** जिले में बीती रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला और एक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह दोनों शवों का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला हादसा हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम तलाईटप्पर के पास हुआ। जानकारी के अनुसार पार्वती बाई 35 अपने भतीजे भीम 20 के साथ हंडिया से बाजार कर बाइक से गांव लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही एक पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने पार्वती बाई को मृत घोषित कर दिया, जबकि भीम का इलाज जारी है। दूसरा हादसा खातेगांव के पास हुआ। कवलासा निवासी जितेंद्र कर्मा 26 जो खातेगांव में एक दुकान पर काम करता था, रात करीब 9.30 बजे बाइक से अपने गांव लौट रहा था।

अगरधा मेन रोड पर मोड़ के दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल जितेंद्र को पहले खातेगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे हरदा जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है और संबंधित वाहन चालकों की तलाश जारी है।

### दिन में अतिक्रमण का नोटिस, रात में जेसीबी से फसल कर दी बर्बाद, किसान की संदिग्ध मौत



**जागरण, रहटगांव।** रहटगांव तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम फुलडी में गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात को ग्राम के नर्मदा प्रसाद तंवर पिता सीताराम 50 वर्ष का अचानक स्वास्थ्य बिगड़ गया और उन्हें जिला अस्पताल हरदा ले जाया गया, जहां पर उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों द्वारा उन्हें वापस घर फुलडी लाया गया। वहीं शुक्रवार सुबह सामाजिक लोग ग्राम फुलडी में इकट्ठे हुए। इसकी सूचना प्रशासन को लगी तो मौके पर टिमरनी एसडीएम संजीव कुमार नागू, रहटगांव थाना प्रभारी मनोज दुबे पहुंचे एवं परिजनों से चर्चा की। वही तंवर समाज के लोगों ने आरोप लगाया की ग्राम में रसुखदारों के पास शासकीय जमीन कब्जे में है, वहां कार्यवाही क्यों नहीं की गई। मृतक के परिजनों ने बताया की दिन में अतिक्रमण का नोटिस दिया गया एवं रात में जेसीबी के माध्यम से खेत में लगी फसल बर्बाद कर दी गई। जाम का बगीचा भी नष्ट कर दिया गया। उन्होने बताया कि लगभग 40-50 साल से उनका कब्जा चला आ रहा था। मृतक की 4 लड़की एवं 2 लड़के हैं, 1 लडकी की शादी होना है। वहीं परिजनों ने मृतक की परिवार के भरण पोषण के लिए शासन से जमीन की मांग की है। परिजनों ने बताया की इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर उचित जांच कराई जाएगी। वही रहटगांव तहसीलदार देवशंकर धुर्वे ने बताया की अतिक्रमण संबंधित कार्यवाही लंबे समय से चल रही थी। राजस्व विभाग द्वारा नियमानुसार सीमांकन कर उक्त जमीन ग्राम पंचायत कों सौंप दी गई थी। वहीं इस मामले में एसडीएम संजीव कुमार नागू ने बताया कि इस मामले में विधिवत जांच कराई जाएगी और हर संभव मदद कराई जाएगी। रहटगांव थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि शव को टिमरनी भेज कर पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है एवं मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की मृत्यु का कारण क्या है।

# जीआरपी ने 24 घंटे के अंदर मोबाइल चोर को दबोचा

प्लेटफार्म पर सोते समय पार किया था मोबाइल



**जागरण, हरदा।** जीआरपी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर मोबाइल चोरी की वारदात का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 30 अप्रैल 2026 को फरियादी राहुल राठौर ने जीआरपी चौकी हरदा में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि वे रेलवे स्टेशन पर सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। 30 अप्रैल की रात लगभग 11 बजे ड्यूटी समाप्त करने के बाद वे हरदा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर सो गए थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका करीब 24 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। डीएसपी रेल इटारसी महेंद्र सिंह कुल्हारा के निर्देशन में थाना प्रभारी संजय चौकसे द्वारा एक टीम का गठन किया गया। जीआरपी टीम में एसआई रघुवंशी, आरक्षक विजय बांके, आरक्षक जितेंद्र कुचबंदिया एवं आरक्षक अनिरुद्ध सिंह चौहान शामिल थे।

पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान सत्तू उर्फ सत्यनारायण राजपूत पिता विष्णु राजपूत के रूप में हुई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया गया मोबाइल बरामद कर लिया। आरोपी को न्यायालय हरदा में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जीआरपी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की आमजन द्वारा सराहना की जा रही है।

## ट्रेन में फली बेचने वाली एक महिला ने जल सेवा समिति को किया सहयोग



**जागरण, टिमरनी।** भीषण गर्मी के बीच टिमरनी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सेवा में जुटी जल सेवा समिति के कार्यों को लगातार जनसहयोग प्राप्त हो रहा है। शुक्रवार 1 मई को ट्रेन में फली बेचने वाली एक महिला ने जल सेवा समिति को शरबत निर्माण हेतु शक्कर एवं अन्य सामग्री भेंट कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। साथ ही समिति के जल सेवकों को शुभ चिंतक समाजसेवी ने लगभग 30 ग्लास लस्सी भी पिलाई, जिसकी सभी ने सराहना की। इसी क्रम में इटारसी निवासी संदीप कैथवास द्वारा समिति को 200 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। समिति के सदस्यों ने सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के लोगों के सहयोग से ही यह सेवा अभियान निरंतर संचालित हो पा रहा है। जल सेवा समिति के संरक्षक सतीश शुक्ला, अध्यक्ष सचिन दुबे, मीडिया प्रभारी दीपक बिबरिया, ब्रजेश रिछारिया, किशोर बौरासी, मुन्ना बौरासी, नरेंद्र, दिलीप कैथवास, नीतू, महेश, मयंक कैथवास, गणेश शांडिल्य, विजय कावडे, लकी, नरेंद्र डोंगरे, रोहित, अरुण बौरासी, आनंद कैथवास, डॉ अनिल कपूर, अशोक राठौर, हेमराज सेजकर, विजय भैया, विनोद गुजर, आयुष, आदित्य, रामू, अनिल, गणेश यदुवंशी, विराट, कृष्णा, सीताराम पाल, रितेश बौरासी, आशीष, हनी, राहुल, युवराज, योगेश, आशीष पंडित सहित अनेक जल सेवक सेवा कार्य में सक्रिय रूप से जुटे रहे।

इस अवसर पर समिति में नए सदस्य के रूप में श्रीमती रेवा आटनेरे ने भी सहयोग प्रदान किया। रेलवे स्टेशन पर समिति द्वारा यात्रियों को शीतल जल एवं शरबत उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे यात्रियों को गर्मी में राहत मिल रही है।

### भजनलाल पर टिप्पणी से भड़का विश्नोई समाज, किया विरोध-प्रदर्शन सांसद रेखा शर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

**जागरण, हरदा।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल पर की गई कथित टिप्पणी को लेकर विश्नोई समाज में भारी नाराजगी देखने को मिली। समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा और राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान विश्नोई समाज के पदाधिकारियों और समाजजनों ने कहा कि चौधरी भजनलाल देश और समाज के सम्मानित नेता रहे हैं। उनके खिलाफ की गई टिप्पणी से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने इस बयान को अपमानजनक बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई। ज्ञापन में मांग की गई है कि रेखा शर्मा सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में विश्नोई समाज के लोग मौजूद रहे और उन्होंने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया।

## जिला अस्पताल परिसर में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन आज से

**जागरण, हरदा।** जिला अस्पताल परिसर में स्थित महाबली वीर हनुमान मंदिर और राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर 2 और 3 मई को दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति से जुड़े राजेश नागर ने बताया कि महाबली वीर हनुमान मंदिर की स्थापना करीब 20 वर्ष पहले हुई थी, जबकि राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर 11 वर्ष पूर्व स्थापित किया गया था। दोनों मंदिरों के स्थापना दिवस पर हर साल धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

#### पहले दिन होगा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

2 मई शनिवार को सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इस आयोजन में शहर के आम नागरिकों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी भाग लेंगे। आयोजकों ने इस बार 51 हजार पाठ का लक्ष्य रखा है और अधिक से अधिक लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

#### दूसरे दिन अभिषेक, हवन भंडारा और महाआरती

3 मई रविवार को विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में अभिषेक, हवन, पूजन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अमित बारिवा ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना करीब 20 वर्ष पहले कर्मचारियों ने जनसहयोग से की थी। इसका उद्देश्य ड्यूटी शुरू करने से पहले भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करना था, ताकि मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके। आज यह मंदिर अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां दर्शन करने से लोगों को मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। यह स्थान लोगों को दवा और दुआ दोनों के साथ स्वस्थ होने की उम्मीद देता है।

गोवंश हत्या, चोरी की घटनाओं से आक्रोश

## बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर 4 मई को थाना घेरेगी कांग्रेस

**जागरण, टिमरनी।** टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत छिदगांव मेल में हाल ही में हुई गोवंश हत्या की घटना एवं नगर में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त है। इन गंभीर घटनाओं के बावजूद अब तक पुलिस प्रशासन द्वारा कोई ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में असुरक्षा का माहौल बन गया है। इन्हीं घटनाओं के विरोध में टिमरनी विधानसभा के समस्त कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार 4 मई को दोपहर 3.00 बजे थाना टिमरनी परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह धरना हरदा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन साईं के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर टिमरनी नगर के समस्त कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे आम नागरिक स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार स्वयं को जनता की सुरक्षा की गारंटी देने वाली सरकार बताती है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है। टिमरनी क्षेत्र में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि अब तक गोवंश हत्या जैसे गंभीर मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। वहीं कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सोनकिया ने नगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने मांग की कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि शीघ्र ही उचित एवं ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो इस धरना-प्रदर्शन के बाद आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा, जो आगे चलकर उग्र रूप भी ले सकता है, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### गंजाल मोरंड सिंचाई परियोजना के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रोटोकाल के उल्लंघन की शिकायत

**जागरण, हरदा।** विधायक डॉ रामकिशोर दोगने द्वारा शासकीय सिंचाई परियोजना के शुभारंभ/उद्घाटन कार्यक्रम में नियमों के विरुद्ध गतिविधियों को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री सहित विभाग प्रमुख, संबंधित अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम जयमलपुरा तहसील खिरकिया, जिला हरदा में गंजाल मोरंड सिंचाई परियोजना के अंतर्गत पाइपलाइन कार्य के शुभारंभ हेतु 03 मई 2026 को आयोजित कार्यक्रम में शासकीय नियमों एवं प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जा रहा है। विधायक डॉ दोगने ने पत्र में स्पष्ट किया कि यह परियोजना एक शासकीय योजना है, जिसका क्रियान्वयन एवं उद्घाटन शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाना चाहिए। किंतु आमंत्रण पत्र/पोस्टर में पूर्व मंत्री कमल पटेल, केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों की प्रमुख भूमिका दर्शाते हुए कार्यक्रम को निजी राजनीतिक रूप देने का प्रयास किया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत एवं अनुचित है। उन्होंने इसे शासकीय प्रक्रिया का उल्लंघन बताया।

श्रमिकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश से लगाई गुहार

# 32 साल से अपने हक की कानूनी लड़ाई लड़ रहे सोयाबीन प्लांट हरदा के मजदूर

**जागरण, हरदा।** स्थानीय इंदौर रोड स्थिति सिद्धार्थ सोया प्रालि सोयाबीन प्लांट में कार्यरत श्रमिक 32 साल से अपने हक की कानूनी लड़ाई लड़ रहे है, लेकिन कानूनी अड़चने एवं प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी व लापरवाही के कारण उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिला है। सोया कर्मचारी यूनियन इंटक हरदा के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि कारखाना प्रबंधन ने 1994 में यूनियन के कुछ श्रमिक पदाधिकारियों को द्वेषभावना से नौकरी से निकाल दिया था। इसके बाद श्रमिकों ने श्रम न्यायालय भोपाल में केस दायर किया, जिस पर न्यायालय ने 2004 में आदेश जारी कर कारखाना प्रबंधक को यूनियन के महामंत्री सुरेश बादर व मंत्री असलम खान को नौकरी पर वापस रखने और पुराना वेतन देने के आदेश दिए। इस आदेश के खिलाफ सिद्धार्थ सोया प्रालि की ओर से आद्यौगिक न्यायालय भोपाल में अपील कर दी गई। इस न्यायालय ने भी 2005 में दोनों श्रमिकों को नौकरी पर रखते हुए पुराने वेतन का 75 प्रतिशत देने के आदेश दिए।

#### नौकरी पर रखने दिए थे आदेश

इस आदेश के खिलाफ सिद्धार्थ सोया ने उच्च न्यायालय जबलपुर में अपील कर दी गई। जहां मामला विचाराधीन के दौरान सिद्धार्थ सोया प्रालि ने नोबल ग्रेन इंडिया प्रालि दिल्ली को फैक्ट्री बेच दी। तब नोबल ग्रेन ने दोनों श्रमिकों को 2009 में नौकरी पर वापस रखते हुए नियमविरूद्ध तरीके से कोटा राजस्थान व अकोला महाराष्ट्र स्थित फैक्ट्री में ट्रांसफर करने के पत्र जारी कर दिए, जिस पर दोनों श्रमिकों ने श्रम न्यायालय नर्मदापुरम में केस दायर कर हरदा स्थिति सोयाबीन फैक्ट्री में पदस्थ करने की मांग की। जहां केस विचाराधीन के दौरान नोबल ग्रेन ने भी श्रीनाथ सालवेक्स प्रालि भोपाल को फैक्ट्री बेच दी। मामले में श्रम न्यायालय ने सुनवाई करते 2019 में श्री नाथ साल्वेक्स भोपाल को दोनों श्रमिकों को हरदा फैक्ट्री में ही नौकरी पर रखने के आदेश दिए। लेकिन श्रीनाथ साल्वेक्स ने दोनों कर्मचारियों को हरदा फैक्ट्री में न तो नौकरी रखा न ही पुराना वेतन दिया।

#### कलेक्टर भी नहीं करा पाए वसूली

दोनों श्रमिकों ने श्रम न्यायालय नर्मदापुरम में केस दायर कर कलेक्टर हरदा के माध्यम से आरआरसी जारी कर फैक्ट्री प्रबंधन से पुराने वेतन की वसूली कराने की मांग की। जिस पर श्रम न्यायालय ने 2022 में कलेक्टर हरदा को आदेश जारी कर तहसीलदार के माध्यम से दोनों श्रमिकों का करीब 10-10 लाख रुपए के पुराने वेतन की वसूली श्रीनाथ साल्वेक्स से कराने के निर्देश दिए थे, जिसे करीब तीन साल बीत चुके है, लेकिन श्रमिकों को अभी तक पुराना वेतन व नौकरी नहीं मिल पाई है। वहीं श्रीनाथ साल्वेक्स ने 2024 में पहले श्रम न्यायालय नर्मदापुरम व बाद में औद्यौगिक न्यायालय भोपाल में अपील करते हुए सुनवाई का अवसर नहीं मिलने को कहा, जिस पर 2026 में औद्यौगिक न्यायालय भोपाल ने श्रम न्यायालय नर्मदापुरम को मामले की दोबारा सुनवाई करने के आदेश दिए है। ऐसे में श्रमिक अब श्रम न्यायालय नर्मदापुरम के चक्कर काटने पर मजबूर हो रहे है।

#### श्रमिकों के हाथ खाली

संदीप ने बताया कि नोबल ग्रेन इंडिया प्रालि ने उनका भी 2009 में अकोला महाराष्ट्र स्थानांतरण कर दिया था, जिसके खिलाफ उन्होंने भी श्रम न्यायालय नर्मदापुरम में केस दायर किया था, जिस पर श्रम न्यायालय नर्मदापुरम व बाद में औद्यौगिक न्यायालय भोपाल ने ट्रांसफर को अवैध मानते हुए कलेक्टर को आदेश जारी कर आरआरसी के माध्यम से करीब 15 लाख रुपए का पुराने वेतन की वसूली करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वे भी तीन बार जनसुनवाई में कलेक्टर को भी आवेदन दे चुके है, लेकिन कलेक्टर अभी तक श्रमिकों के पुराने वेतन की वसूली श्रीनाथ साल्वेक्स से नहीं करा पाए है। श्रमिकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली व हाईकोर्ट जबलपुर, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, कानून मंत्री, स्थानीय विधायक आरके दोगने को 23 मार्च को आवेदन प्रेषित कर शीघ्र न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। 32 साल बाद भी श्रमिकों के हाथ खाली है और वे न्यायालय के चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहे हैं।

# परिवार के सदस्य, पेयजल, बिजली, शौचालय रसोई गैस, वाहन आदि की जानकारी होगी दर्ज

जिले में जनगणना 2026-27 की तैयारियां पूर्ण, मकान सूचीकरण कार्य शुरू



**जागरण, हरदा।** भारत की जनगणना 2026.27 के अंतर्गत हरदा जिले में जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपादित करने के उद्देश्य से अधिकारियों, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना कार्य के लिए चार्ज निर्धारित किए गए हैं तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर उन्हें क्षेत्रवार जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। एक मई से प्रारंभ होकर 30 मई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान प्रगणक घर-घर पहुंचकर मकानों का सूचीकरण करेंगे तथा भवन क्रमांक अंकित करने के साथ आवास संबंधी आवश्यक जानकारी संकलित करेंगे। जनगणना के इस चरण में मकान की संरचना, परिवार के सदस्यों की संख्या तथा पेयजल, विद्युत, शौचालय, रसोई गैस, वाहन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी दर्ज की जाएगी। साथ ही

भवनों की जियो टैगिंग कर डिजिटल मैपिंग भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आंकडों का वैज्ञानिक एवं सटीक संकलन हो सके। शुक्रवार को जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण प्रक्रिया के लिये एचएलबी भ्रमण किया गया। जनगणना 2027 के तहत मकानों की गणना के कार्य अंतर्गत जिले के ग्राम खारपा में नियुक्त जनगणना कर्मी बिन्देश कुमार एवं अवसार मन्सूरी द्वारा गांव के मकानों का नक्शा तैयार किया गया। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें तथा प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जिले की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सटीक आंकलन किया जा सके।

### जनगणना 2027 की तैयारियां तेज प्रगणकों को वितरित की गई सामग्री



**जागरण, टिमरनी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के अंतर्गत टिमरनी नगर परिषद के रैन बसेरा परिसर में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना किट एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में चार्ज जनगणना अधिकारी प्रियव्रत बकोरिया सीएमओ नप टिमरनी एवं जनगणना प्रभारी राजाराम कुशवाहा द्वारा सामग्री वितरित की गई। इस दौरान मकान सूचीकरण एवं भवन गणना कार्य के लिए नियुक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर सुपरवाइजर अर्जुनसिंह सांवनेर, हरिओम गौर, मुकेश तिवारी, संतोष सिंघाना, महेंद्र राय, अभिनव राजपूत एवं मनीष सोनकिया सहित बड़ी संख्या में पर्यवेक्षक एवं प्रगणक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि सभी प्रगणक मोबाइल एप के माध्यम से घर-घर जाकर भवनों एवं मकानों का सर्वे करेंगे। यह कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समय सीमा में सर्वे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## न्यूज कार्नर

### ब्राह्मण समाज ने किया नरसिहं भगवान प्रकटोत्सव की लीला का मंचन



**मुलताई।** पवित्र नगरी में गुरूवार रात्रि करीब साढे 10 में महाराष्ट्रीयन ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान विष्णु जी के चौथे अवतार भगवान श्री नरसिहं जी का प्रकटोत्सव गांधी चौक से जयस्तंभ चौक रोड पर मनाया गया। जहां भगवान श्री नरसिहं जी की लीला दिखाई गई। पंडित प्रवीण जोशी ने बताया बीते 100 से अधिक वर्षो से महाराष्ट्रीयन ब्राम्हण समाज द्वारा लीला का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें मुख्य रूप से विहते परिवार,देशमुख परिवार एवं जोशी परिवार द्वारा इस आयोजन में बढ चढ कर हिस्सा लिया जाता है । उन्होने बताया पद्म और स्कंद पुराण के मुताबिक वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी पर भगवान नरसिंह प्रकट हुए थे। नरसिंह नाम के ही अनुसार इस अवतार में भगवान का रूप आधा नर और आधा शरीर सिंह का है। राक्षस राजा हिरण्यकश्यप ने भगवान की तपस्या कर के चतुराई से वरदान मांगा था। जिसके अनुसार उसे कोई दिन में या रात में, मनुष्य, पशु, पक्षी कोई भी न मार सके। पानी, हवा या धरती पर, किसी भी शस्त्र से उसकी मृत्यु न हो सके। दैत्य राजा हिरण्यकश्यप का बेटा प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त था, इसलिए प्रहलाद पर अत्याचार होते थे। कई बार मारने की कोशिश भी की गई। भगवान विष्णु अपने भक्त को बचाने के लिए खंबे से नरसिंह रूप में प्रकट हुए। उन्होने बताया कि गुरूवार को सुबह से ही भगवान नरसिहं का पुजन कीर्तन किया गया। संध्या के समय भगवान नरसिहं का अवतार हुआ । जिसकी लीला दिखाई गई। वही भगवान नरसिहं जी खम्बें में से प्रकट हुए थे।

# कलेक्टर लगातार फील्ड में घूमकर सिस्टम की खामियों को पकड़ रहे हैं

## विगत दिवस भैंसदेही तो शुक्रवार को खेड़लीबाजार पहुंचे अफसर

**बैतूल/ जागरण।**

कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में सतत निरीक्षण कर रहे है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आमला शैलेन्द्र बड़ोनिया द्वारा विगत दिनों खेड़ली बाजार में स्वास्थ्य सेवाओं, छात्रावास, ग्राम पंचायत, आंगनवाड़ी एवं साख समिति का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सभी संबंधित विभागों को व्यवस्थाओं में त्वरित सुधार कर आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।एसडीएम श्री बड़ोनिया ने आयुष आरोग्य केन्द्र खेड़ली बाजार में समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया, किंतु दवा स्टॉक रूम में अवधी समाप्त 'सितोपलादि चूर्ण' मिलने पर उसे तत्काल हटाने एवं तीन दिवस में स्टॉक एवं रिकॉर्ड व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया।



उप स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण में सीएचओ अवकाश पर पाए गए। प्रसूति सहायता योजना के कोई प्रकरण लंबित नहीं मिले। टीकाकरण कार्यक्रम का परीक्षण करते हुए खेड़ली बाजार, बम्हणी एवं ब्राम्हणवाड़ा में नियमित टीकाकरण की जानकारी ली गई। एचपीवी टीकाकरण के तहत 17 बालिकाओं को टीका लगाया जा चुका है, शेष को शीघ्र टीकाकरण हेतु विभागीय समन्वय के निर्देश दिए गए।

छात्रावास में साफ सफाई के दिए निर्देश सीनियर बालक अनुसूचित जाति छात्रावास खेड़ली बाजार के निरीक्षण में छात्रावास अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए। रसोईया एवं छात्रावास चौकीदार उपस्थित थे। छात्रावास अंतर्गत कोई भी बच्चा उपस्थित नहीं पाए गए। दिसंबर 2025 के बाद स्वास्थ्य परीक्षण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बच्चों की उपस्थिति में शीघ्र स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश भी दिए गए। ग्राम पंचायत खेडलीबाजार के निरीक्षण में समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। ग्राम पंचायत अंतर्गत केसबुक नहीं पाई गई। सचिव को आगामी 07 दिवस के भीतर केसबुक अद्यतन किया जाकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी आमला को अवगत कराए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा ग्राम पंचायत अंतर्गत पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली गई। एसडीएम ने पेयजल समस्या को दृष्टिगत रखते हुए 5 वें वित्त से बोर कराकर 3 दिवस में निराकरण किए जाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अधिकारी को निर्देशित किया गया। वहीं ग्राम पंचायत अंतर्गत दैनिक साफ-सफाई किए जाने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम श्री बड़ोनिया ने आंगनवाडी केन्द्र खेड़ली बाजार के निरीक्षण में पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से बच्चो की उपस्थिति, नाश्ता भोजन एवं अन्य गतिविधियों की दैनिक प्रविष्टी किए जाने के निर्देश दिए। आंगनवाडी केन्द्र अंतर्गत 0 से 6 वर्ष के कुल 94 बच्चे दर्ज होना पाया गया, जिसमें से 25 बच्चे स्कूल गोईंग होना बताया गया। कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की जानकारी ली गई। नियत फालोअप के निर्देश दिए गए।

## एआईएमआईएम पार्टी ने ज्ञापन देकर मजदूरों का हक मारने के लगाए आरोप



**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम डहरगांव में संचालित हार्टीफुट आई बैरिज कंपनी पर मजदूरो हक मारने के आरोप लगाते हुए शुक्रवार दोपहर मजदूर दिवस पर एआईएमआईएम पार्टी के बेनर तले मजदूरों द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है।सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया विधान सभा क्षेत्र में ग्राम डहरगांव में एक व्यवसायिक प्राईवेट हार्टीफुट आई बैरिज नामक कंपनी ब्लूबेरी नामक फल का सैकडो एकड़ में उत्पादन कर रही है। जिसके लिए कंपनी को बड़ी मात्रा में पानी एवं मजदूरो कीआवश्यकता है। कंपनी द्वारा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर बडी मात्रा में बड़ी बड़ी मोटरें लगाकर वर्धा जलाशय से पानी लिया जा रहा है। जबकि वर्धा जलाशय परियोंजना एक कृषि योजना है जो कि किसानों के लिए बनाई गई है। वर्धा जलाशय परियोजना का मुख्य उददेश्य किसानों को वर्ष भर पानी उपलब्ध कराना है जबकि हार्टीफुट आई बैरिज कंपनी जमीन के नीचे मोटी मोटी पाईप लाईन बिछाकर उक्त पानी का उपयोग कर रही है जिसमें जलाशय का पानी पुर्ण रूप से सुख चुका है जिसके चलते शासन का उददेश्य पुर्ण होता नही दिखाई दे रहा है। शासन की इस परियोजना में किसानों की जमीन सुखी पड़ी है। वहीं कंपनी पर पानी चोरी करने के आरोप लगाए है।वही विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि कंपनी में कार्यरत लेबर कान्ट्रेकटर जिसके पास मात्र 200-300 मजदूरों का लायसेंस है वह हजारों मजदूरों कंपनी में चला रहा है नियमानुसार प्रत्येक मजदूर को प्रतिदिन 478 रूपए मजदूरी मिलना चाहिए जिसमें लेबर कान्ट्रेक्टर कंपनी के एचआर के साथ मिलकर प्रत्येक मजदूर को 78 रूपए कम मजदूरी दे रहा है जिसके चलते प्रतिदिन 78 हजार रूपए प्रतिदिन का भ्रष्टाचार किया जा रहा है वही मजदूरों को जंगली इलाके में कार्य करना होता है जहां मजदूरों के लिए स्वास्थ्य, शौचालय एवं सुरक्षा से सबंधित तथा पीएफ एवं मेडिक्लेम, बीमा संबधित मुलभुत सुविधा उपलब्ध नही है। जबकि नियमानुसार प्रत्येक मजदूर को पीएफ, बीमा, मेडिक्लेम पालिसी , शौचालय जैसी मुलभुत सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होने यह भी बताया कि पुर्व में जनप्रतिनिधियों द्वारा इस संबध में विधान सभा प्रश्न एवं शिकायत की गई थी। लेकिन कंपनी द्वारा अधिकारियों से मिली भगत कर उक्त शिकायतों को दबा दिया गया है। ज्ञापन में कंपनी द्वारा किए जा रहे कृत्यों की विस्तृत जांच कर कारवाई करने की मांग की गई है।

## पटवा समाज बोर्ड का गठन एवं विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग

मुलताई। अखिल भारतीय पटवा वैश्य महासभा के बैनर तले समाज के द्वारा मांगें प्रस्तुत की गई।अखिलभारतीय श्री पटवा वैश्य महासभा के नगर अध्यक्ष गगनदीप खेरे ने विधायक चंद्रशेखर देशमुख को दिए ज्ञापन में बताया कि पटवा समाज परंपरागत रूप से सूत, धागा, कारीगरी एवं लघु व्यवसाय से जुड़ा हुआ समाज है, जो वर्षों से अपनी आजीविका स्वयं के श्रम एवं कौशल से चलाता आ रहा है। वर्तमान समय में इस समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है।मध्यप्रदेश में पटवा समाज बोर्ड का गठन शीघ्र किया जाए, ताकि समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास हेतु योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ पटवा समाज के पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता के साथ दिलाया जाए, जिससे पारंपरिक कारीगरों को आर्थिक मजबूती एवं रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकें।

# महिलाओं ने निकाली जन आक्रोश रैली निकाली गई



**मुलताई।** नारी शक्ति वंदना अधिनियम का प्रस्ताव पास नहीं होने पर महिलाओं द्वारा शुक्रवार को जन आक्रोश रैली निकाली गई। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्ताव लाया गया था, जिसका कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्ताव को गिरा दिया गया द्य जिससे पूरे देश में कांग्रेस के प्रति महिलाओं में भारी आक्रोश है द्य ग्राम देवरी में मातृशक्तियों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास नहीं होने पर कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाके रहेंगे, महिलाओं का अपमान कांग्रेस है बेईमान, महिलाओं के अधिकार पर वार कांग्रेस है जिम्मेदार नारेबाजी करते हुए जन आक्रोश रैली निकाली गई द्य भाजपा जिला मंत्री वर्षा गढ़ेकर ने रैली को संबोधित करते हुए संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्ताव लाया गया, महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे लाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार प्रयासरत है द्य भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हित के लिए अनेक योजना संचालित की जा रही है द्य लेकिन महिला विरोधी कांग्रेस द्वारा नारी शक्ति वंदना अधिनियम प्रस्ताव को गिरा दिया गया, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है द्य ग्राम देवरी में महिलाओं की जन आक्रोश रैली में प्रमुख रूप से भाजपा जिला मंत्री पूर्व नपा अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर,भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, महिला मोर्चा जिला मंत्री कंचन पठाडे, भाजपा नगर मंडल मंत्री जया जैन, महिला मोर्चा नगर मंडल मंत्री प्रीति जैन, ज्योति साहू, आशा चिकाने बिना पंजाबी, सपना दवन्डे, भाजपा नगर मंडल महामंत्री निलेश चावरिया, एल्डरमैन श्यामू ढोमने, रामदास साहू, नंदकिशोर बरखाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

## आर्ट ऑफ लिविंग चार दिवसीय आनंद अनुभूति कार्यक्रम 9 मई से

**जागरण गाड़रवारा।** आर्ट ऑफ़ लिविंग के तत्वाधान में शहर के श्री श्री वृंदावन गार्डन जमाडा रोड पर आगामी 9 से 12 मई तक चार दिवसीय आनंद अनुभूति कार्यक्रम का भव्य आयोजन होने जा रहा है इस शिविर में प्रतिभागियों को परम पूज्य श्री श्री रवीशंकर जी द्वारा प्रतिपादित विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया सीखने का अवसर मिलेगा इस शिविर को आयोजित करने वाले आर्ट ऑफ लिविंग के सभी सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम शिक्षक रमाकांत गुप्ता जी की नेतृत्व में किया जा रहा है जिसमें सुदर्शन क्रिया एक अत्यंत प्रभावशाली श्वसन तकनीक है जो तनाव मुक्ति और मानसिक शांति के लिए वैश्विक स्तर पर जानी जाती है इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को अपना रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है आनंद अनुभूति कार्यक्रम वह कार्यक्रम है जो आपके जीवन को बदलने वाली सुदर्शन क्रिया से आपको परिचित कराता है और इस क्रिया के माध्यम से आप तनाव रहित शांत मन बेहतर एकाग्रता अनिंद्र चिंता अवसाद से मुक्ति क्रोध पर नियंत्रण बेहतर भावनात्मक संबंध शारीरिक क्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि रक्तचाप मधुमेह आदि से छुटकारा इत्यादि गुणो से लाभान्वित होते हैं इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति विस्तृत जानकारी के लिए सुनील श्रीवास्तव होटल वेलकम एवं अशोक राजपूत सोनालिका ट्रैक्टर्स से संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।



## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 3 मई को

**नरसिंहपुर।** पूर्व न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय एवं वर्तमान अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में रविवार 3 मई को प्रात10 बजे से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कार्यालय कलेक्टर नरसिंहपुर के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दंडाधिकारी गजेन्द्र नागेश ने सभी संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी के साथ समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### मंत्री सिंह ने चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर में मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया

# शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे: मंत्री उदयप्रताप

**जागरण नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार के प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने और विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त हो जिससे वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकें हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाईए योग्य शिक्षकों की उपलब्धता तथा आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके और उन्हें उनकी रूचि अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्त हो सके। मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह चावरा विद्यापीठ में नरसिंहपुर जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट



प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री सिंह के आगमन पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मां सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंत्री श्री सिंह ने इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों और विद्यार्थियों का सम्मान किया।

मंत्री श्री सिंह ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा के हर क्षेत्र के लिए बजट में वृद्धि की हैए जिससे विद्यार्थी तकनीकी शिक्षाए चिकित्सा शिक्षा जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।

शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिलेए इसके लिए सुविधाओं का भी विस्तार किया गया हैए जिससे विद्यार्थी आगे बढ़कर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही गुणवत्तापूर्वक शिक्षा देना आवश्यक हैए जिससे विद्यार्थी अपनी रूचि अनुसार विषयों का चयन कर आगे बढ़ सकें। आयोजित कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश और जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शिक्षक.शिक्षिकाएं एवं छात्र.छात्राएं मौजूद थे।

## नरसिंह मंदिर से कलश यात्रा निकालकर तालाब को किया जल अर्पित



**जागरण नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल और सांसद श्री चौधरी दर्शन सिंह ने गुरूवार को भगवान नरसिंह प्रकटोत्सव के अवसर पर नरसिंह मंदिर पहुंचकर भगवान नरसिंह जी का विधि. विधान से पूजा.अर्चना की। इस दौरान जिले की विभिन्न नदियों के उदगम स्थलों से लाए गए पवित्र जल से भरे कलशों का पूजन कर उस जल को नरसिंह तालाब में अर्पित करते हुए जलाभिषेक किया। इसके बाद मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सांसद श्री चौधरी दर्शन सिंह कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे एवं रामसनेही पाठक ने पौधरोपण किया। उन्होंने रूद्राक्ष बेल और अशोक के पौधे लगाए। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामीए सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश डिप्टी कलेक्टर सुश्री शानू चौधरी अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत ी उदय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## श्रीदेव रामजानकी गौ शाला में गायों को चारा खिलाकर की गौ सेवा



**जागरण गाड़रवारा।** महंत बालकदास जी महाराज द्वारा ग्राम बगदरा में संचालित श्री देव राम जानकी गौ शाला पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं पार्षद कमल खटीक ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर गौ माता को फूलमाला पहनाकर पूजन अर्चना की एवं चारा खिलाया। इस अवसर पर गौ माता की सेवा करते हुये श्री खटीक न ेकहा कि गौ माता की सेवा करने से वड़ा पुन्य नहीं होता इसलिये गौ माता का आर्शीवाद एवं उनकी कृपा से ही बैतरणी पार होती है। पार्षद प्रवेश राय ने गौ शाला के बारें में बताया कि यह गौ शाला खिरका मंदिर के महंत बालकदास जी द्वारा संचालित की जा रही है। महाराज जी स्वयं इस गौ शाला की देखरेख करते है । गौ शाला की पूरी साफ-सफाई से लेकर गायों को चारा पानी की चिंता महाराजजी स्वयं करते है। इस गौ शाला में लगभग 300 सै अधिक गौ वंश है। इस मौके पर पूर्व एल्डरमैन सत्तार खान, कमल सिंह ठाकुर, महेश पटेल, मुकेश शर्मा, संदीप अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# बम्होरी कलां में सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई समारोह आयोजित

**जागरण गाड़रवारा।** बम्हौरी कलॉ में कार्यरत उच्च श्रेणी शिक्षक पुरुषोत्तम मेहरा एवं सहायक शिक्षक मदन कुमार पटैल का सेवाभिनंदन समारोह का आयोजन किया। मंचासीन पूर्व प्राचार्य श्रीमती मुमताज खान पुरुषोत्तम मेहरा मदन कुमार पटैल सुश्री डॉ दीपिका पटैल श्रीमती ऊषा सिंह नगेंद्र कुमार त्रिपाठी के द्वारा मां वीणावादिनी के पूजन उपरांत अतिथियों का स्वागत विश्वनाथ शर्मा मुन्नालाल राजपूत अमित कुमार वर्मा श्रीमती प्रियंका भोंसले श्रीमती मोहन कोरी श्रीमती हेमलता कोरी द्वारा पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। उपस्थित मानसिंह मेहरा पूर्व सहायक प्राध्यापक के द्वारा श्री मेहरा जी के जीवनशैली को संक्षिप्त में बताया। तदुपरांत नगेंद्र कुमार त्रिपाठी ने अपने उद्बोदन में दोनों शिक्षकों के सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व को बताते हुए उनकी कार्यशैली के अनुभव साझा किए। पूर्व प्राचार्य श्रीमती मुमताज खान अरविंद कुमार गुबरेले विश्वनाथ शर्मा मुन्नालाल राजपूत श्रीमती शबनम निशा के द्वारा उद्बोदन में अपने अनुभव साझा कर शुभकामनाएं प्रेषित की।




कार्यक्रम की बेला को आगे बढ़ाते हुए केंद्र शिक्षकों के अभिनंदन पत्र का वाचन दुर्गेश सिंह एवं अमित कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। इसी बेला में उपस्थित सहायक प्राध्यापक के पद चयन होने पर डॉ दीपिका पटैल को बम्हौरी कलॉ के स्टाफ द्वारा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में नन्दकिशोर प्रजापति के द्वारा एक प्यार का नगमा है मौजों की एवं संचालन कर रहे शिक्षक राघवेन्द्र चौधरी के गीत कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलता है् दोनों ने शानदार नगमें प्रस्तुति कर कार्यक्रम में समा बांध दिया। कार्यक्रम के केंद्र बिंदु दोनों शिक्षकों को संकुल उपस्थित शिक्षकों के द्वारा शॉल श्रीफ्ल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन राघवेंद्र चौधरी एवं आभार प्रदर्शन संस्था प्राचार्य श्रीमती ऊषा सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने विद्यालय एवं संकुल के शिक्षक दुर्गेश सिंह प्रियंका भोंसले मंजू नागवंशी मोहन कोरी हेमलता कोरी शबनम निशा आरती चौरसिया आरती यादव प्रतीक्षा मालवीय देवेन्द्र ठाकुर निशांत श्रीवास्तव नारायण तिवारी, निशांत शर्मा अक्षिता अवस्थी शिखा दुबे, संजना नागा कुंती मेहरा लक्ष्मीकांत कौरव राजेन्द्र राजपूत डालचंद पटैल मंजीत पटैल विकल्प जैन संदीप कुमार खरे लक्ष्मीकांत मिश्रा अनिमेष राजपूत बालकिशन मेहरा चन्द्रभान गूजरए जगदीश गूजर जितेंद्र पांडे जटाशंकर तिवारी रामस्वरूप शिवकुमारी चौधरी तथा परिवार जन सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# महंगाई की मार : कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में भारी उछाल, खानपान का धंधा चौपट

**जागरण, इटारसी।** महंगाई के मोर्चे पर आम जनता और व्यापारियों के लिए मई महीने की शुरुआत बेहद खराब रही है। केंद्र सरकार द्वारा पांच राज्यों के चुनाव संपन्न होते ही देशभर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। इटारसी में 1 मई से लागू हुई नई दरों के बाद 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये का बड़ा इजाफा हुआ है, जिसके बाद इसकी कीमत 3129.50 रुपये तक पहुंच गई है।

सिलेंडर के दामों में हुई इस भारी बढ़ोतरी से शहर के छोटे-बड़े होटल, रेस्टोरेंट और नाश्ता ठेलों के संचालकों में हड़कंप मच गया है। दुकानदारों का कहना है कि 3000 रुपये से अधिक का सिलेंडर खरीदना उनके बस के बाहर होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में कई छोटे खान-पान संचालकों के सामने अपना व्यवसाय बंद करने की नौबत आ गई है।

संचालकों के मुताबिक, महंगाई का बोझ अब उनके पारंपरिक व्यवसाय पर इतना अधिक बढ़ गया है कि आर्थिक स्थिति पूरी तरह डगमगा गई है।

## कोयला भट्टी की ओर लौटने को मजबूर

महंगाई से त्रस्त कुछ संचालकों का कहना है कि यदि कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं, तो वे गैस छोड़कर वापस पुराने दौर की तरह कोयला भट्टी पर खाना पकाने के बारे में सोच रहे हैं। 19 किलो के साथ-साथ 5 किलो वाले एफटीएल छोटे सिलेंडर में भी 261 रुपये की वृद्धि हुई है, जिसके बाद इसकी कीमत 936.50 रुपये हो गई है। शुक्रवार से लागू हुई इन कीमतों ने मध्यमवर्गीय व्यवसायियों की कमर तोड़ दी है।



### कालाबाजारी बढ़ने और कार्रवाई का बना खतरा

व्यापारियों और जानकारों की मानें तो कमर्शियल सिलेंडर की ऊंची कीमतों के कारण अब बाजार में घरेलू सिलेंडरों का अवैध उपयोग बढ़ सकता है। मजबूरी में छोटे दुकानदार घरेलू गैस का उपयोग करेंगे, जिससे न केवल गैस की कालाबाजारी बढ़ेगी बल्कि उन पर शासकीय विभागों की दंडात्मक कार्रवाई का खतरा भी मंडराने लगेगा। इसके साथ ही, अब खान-पान सामग्री समोसा, चाय, नाश्ता की कीमतों में भी जल्द ही बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है, जिसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा।

### प्रमुख आंकड़े एक नजर में

- >> **19 किलो कमर्शियल सिलेंडर :** 993 रुपये की वृद्धि नई कीमत, 3129.50 रुपये
- >> **5 किलो एफटीएल सिलेंडर :** 261 रुपये की वृद्धि, नई कीमत 936.50 रुपये
- >> **प्रभाव :** होटल, रेस्टोरेंट, कैंटीन और स्ट्रीट फूड संचालक।
- >> **मुख्य समस्या :** व्यवसाय बंद होने का डर, खाद्य सामग्री के रेट बढ़ना और घरेलू गैस का अवैध उपयोग।

## न्यूज कार्नर

### अज्ञात आरोपी ने उड़ाए 15 हजार

**जागरण, इटारसी।** थाना पथरोटा अंतर्गत ग्राम पारछा में चोरी की एक वारदात सामने आई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी राज परते 26 वर्ष, निवासी ग्राम पारछा के बैग से किसी अज्ञात आरोपी ने 15 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, घायल

**जागरण, इटारसी।** शहर के व्यस्ततम कृष्णा होटल के सामने मेन रोड चौराहे पर एक सड़क हादसा सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अज्ञात वाहन एमपी 40 बीएल 6418 के चालक ने वाहन को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए राहगीर भोलाराम यादव को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में भोलाराम यादव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मामले में फरियादी कन्हैयालाल यादव 28 वर्ष, निवासी खेड़ा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया है।

### गाली-गलौज कर ब्लेड से किया हमला

**जागरण, इटारसी।** थाना रामपुर गुर्रा के ग्राम गुर्रा में मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी देव कहार ने फरियादी रंजीत चौरे 30 वर्ष के साथ मां-बहन की गंदी गालियां देते हुए अभद्रता की और उन पर ब्लेड से हमला कर चोट पहुंचाई। आरोपी ने फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने फरियादी रंजीत चौरे की शिकायत पर आरोपी देव कहार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

**जागरण, इटारसी।** थाना पथरौटा के अंतर्गत ग्राम नयागांव में गाली-गलौज और मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी रामस्वरूप यादव ने फरियादी रूपेन्द्र यादव 40 वर्ष के साथ गंदी गालियां देते हुए मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

### वृद्ध दंपति से मारपीट

**जागरण, इटारसी।** थाना पथरौटा के अंतर्गत ग्राम गोंची तरोंदा में एक वृद्ध दंपति के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी राजेश ठाकुर, योगेश ठाकुर और पूरन ठाकुर ने मिलकर फरियादी लक्ष्मी बाई 70 वर्ष और उनके पति शीतलदास चौरे 77 वर्ष के साथ उनके घर के सामने गाली-गलौज की। इस दौरान आरोपियों ने दंपती के साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

### सट्टा पर्ची लिखते एक गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** थाना पथरौटा पुलिस ने अवैध सट्टा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत भवन के पीछे आरोपी राजेश लोंगरे पिता अनंतराम लोगरे सट्टा पर्ची लिख रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी के पास से सट्टा सामग्री और नगदी रुपए जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### अस्पताल की ओपीडी 600 के पार, ग्रामीण अंचलों से पहुंच रहे सर्वाधिक मरीज, ऑरेंज अलर्ट जारी

# ‘लू’ का अलर्ट : आग उगलते सूरज से जनजीवन बेहाल, अस्पतालों में बढ़े मरीज

**जागरण, इटारसी।** मई की शुरुआत के साथ ही समूचा नर्मदापुरम जिला भीषण लू की चपेट में आ गया है। आसमान से बरसती आग ने आम जनजीवन की रफ्तार थाम दी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने ‘ऑरेंज अलर्ट’ जारी किया है। गर्मी का सबसे भयावह असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में इन दिनों मरीजों का भारी हुजूम उमड़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। हालांकि अभी दो दिन से हवाओं ने तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की है, लेकिन धूप का तीखापन अब भी चुभ रहा है।

## 40 प्रतिशत मरीज उल्टी-दस्त से पीड़ित

अस्पताल अधीक्षिका डॉ. कमलेश कुमरे ने बताया कि गर्मी के कारण संक्रमण तेजी से फैला है। अस्पताल में प्रतिदिन की ओपीडी का आंकड़ा 500 से 600 के पार पहुंच रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से 35 से 40 प्रतिशत मरीज केवल उल्टी-दस्त और डिहाइड्रेशन की शिकायत लेकर आ रहे हैं। डॉ. कुमरे के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर सुखतवा क्षेत्र से आने वाले मरीजों की संख्या सबसे अधिक है।



### लू के लिए बना ‘डेडिकेटेड वार्ड’, 80 फीसद केस गर्मी जनित

अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सुखविंदर सिंह ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में आने वाले 70 से 80 प्रतिशत मरीज किसी न किसी रूप में लू की चपेट में हैं। अस्पताल प्रशासन ने इस संकट से निपटने के लिए अलग से ‘डेडिकेटेड लू वार्ड’ तैयार किए हैं, ताकि प्रभावितों को तत्काल राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे के बीच तापमान अपने चरम पर होता है, इस दौरान बाहर निकलना जानलेवा साबित हो सकता है।

ज्यादा गंभीर स्थिति वाले मरीजों को तत्काल भर्ती किया जा रहा है, जबकि कम प्रभाव वाले मरीजों को दवा देकर सावधानी बरतने की सलाह के साथ घर भेजा जा रहा है।

**प्रशासन की अपील, बचाव ही एकमात्र रास्ता :** प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे दोपहर के समय अनावश्यक यात्रा से बचें। पशु-पक्षियों के लिए भी पानी का प्रबंध करें। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि खान-पान में जरा भी लापरवाही बरती गई, तो यह स्थिति ‘हीट स्ट्रोक’ में बदल सकती है, जो जानलेवा होती है। अस्पताल प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि दवाओं और आवश्यक संसाधनों की कोई कमी नहीं है, बस नागरिकों को जागरूक रहने की आवश्यकता है।

### इन पांच बातों का रखें विशेष ध्यान

- >> **शादियों में रहें सतर्क :** शादी-पार्टियों में गरिष्ठ और अधिक मसालेदार भोजन से बचें। आवश्यकतानुसार ही खाएं और सादे भोजन को प्राथमिकता दें।
- >> **तरल पदार्थों का सहारा :** घर से निकलते समय ओआरएस का घोल, दही, छाछ या नींबू-नमक-शक्कर का शरबत साथ रखें।
- >> **धूप से सुरक्षा :** बाहर जाते समय सिर और कान को गमछे या टोपी से अच्छी तरह ढकें। खाली पेट घर से बाहर न निकलें।
- >> **स्व-उपचार से बचें :** बिना डॉक्टर के पर्चे (प्रिस्क्रिप्शन) के मेडिकल स्टोर से कोई भी दवा लेकर न खाएं, यह खतरनाक हो सकता है।
- >> **घरेलू उपचार :** शुरुआती लक्षण दिखने पर पहले घरेलू उपचार (प्याज का रस, ओआरएस) आजमाएं, सुधार न होने पर तुरंत अस्पताल आएं।

# उपाध्याय बुधनी विस प्रभारी, संगठन को मजबूत करने की संभाली कमान



**जागरण, इटारसी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठन में नई ऊर्जा फूंकने के उद्देश्य से प्रदेश महासचिव राजकुमार ‘केलू’ उपाध्याय को सीहोर जिले की महत्वपूर्ण विधानसभा बुधनी क्रमांक-156 का प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को सुव्यवस्थित करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है।

अपनी इस नई जिम्मेदारी पर प्रतिक्रिया देते हुए राजकुमार केलू उपाध्याय ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य बुधनी क्षेत्र में कांग्रेस के आधार को और अधिक गतिशील और सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र में कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाकर पार्टी की स्थिति को पहले से कहीं अधिक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के बाद स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि केलू उपाध्याय के संगठनात्मक अनुभव और कार्यकुशलता का लाभ बुधनी जैसे हाई-प्रोफाइल विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मिलेगा, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र की राजनीतिक सक्रियता और चुनावी समीकरणों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ना तय है।

## महासचिव बनने पर मीना वर्मा को बधाइयां



**जागरण, इटारसी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूती देने और जमीनी स्तर पर जनता की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में श्रीमती मीना वर्मा को मध्यप्रदेश कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ में प्रदेश महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यह नियुक्ति मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले एवं सभी प्रकोष्ठों व विभागों के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह चौहान की सहमति से की गई है। श्रीमती मीना वर्मा की नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कहना है कि यह नियुक्तियां सिर्फ पद नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को शासन तक पहुंचाने और उनकी आवाज़ को बुलंद करने की एक बड़ी जिम्मेदारी है।

### विश्व मजदूर दिवस पर एकजुट हुए श्रमिक

# श्रमिकों ने एकता का किया प्रदर्शन अधिकारों के संरक्षण का लिया संकल्प



**जागरण, इटारसी।** विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर बड़ा तुलसी चौक चौराहा मजदूर संघ समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया। ऑडिटोरियम स्थित मजदूर कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने शिरकत कर अपनी एकता का प्रदर्शन किया और अधिकारों के संरक्षण का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर के सभी श्रमिकों का नगर पालिका में पंजीयन कराया जाएगा, जिससे उन्हें शासन की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन झलिया ने मजदूरों को समाज का अभिन्न अंग बताते हुए उनके हितों की रक्षा का भरोसा दिलाया। युवा कांग्रेस महासचिव शमी जायसवाल ने कहा कि मजदूरों के हक की लड़ाई सड़कों पर भी लड़ी जाएगी। संघ के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने सभी मजदूरों को समिति से जोड़कर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की बात कही।

**रैली निकालकर बुलंद किया मजदूर एकता का नारा :** मजदूर एकता के नारों के साथ एक भव्य रैली भी निकाली। कार्यक्रम में मजदूर संघ के संरक्षक अजय राजपूत, हरीश अग्रवाल, पंच शेख फारूक, दीपक वनोरिया, उपाध्यक्ष अशोक गोयल, सचिव तुलसीराम कुशवाहा और कोषाध्यक्ष लीलाधर सजवानी, सहायक सचिव किशोर केवट, परशुराम बिल्लूरे, संजय शेल्के, गणेश चौरे, नंदकिशोर चौरे सहित समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सैकड़ों मजदूर उपस्थित रहे।

# सफलता के शिखर छुएं, संस्था का मान बढ़ाएं पॉलीटेक्निक कॉलेज में विदाई समारोह से संदेश

**जागरण, इटारसी।** जब विदाई की बेला हो और आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने हों, तो माहौल भावुकता के साथ-साथ गौरव से भी भर जाता है। ऐसा ही दृश्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इटारसी में देखने को मिला, जहां जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स को एक भव्य और आत्मीय विदाई दी। संस्था के प्राचार्य आरके चोलकर के निर्देशन में आयोजित इस समारोह में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक टेलीकॉम इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदा किया गया।

## शिक्षा के साथ संस्कार ले जाएं विद्यार्थी

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य श्री चोलकर ने विद्यार्थियों को जीवन का मूलमंत्र देते हुए कहा कि संस्था से केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि यहां से प्राप्त अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और ऊंचे संस्कार भी अपने साथ लेकर जाएं। आप जहां भी अपनी सेवाएं दें, उस संगठन के प्रति पूरी निष्ठा, मेहनत और कर्तव्यपरायणता दिखाएं। आपकी सफलता ही इस महाविद्यालय का असली गौरव होगी।



**कविता और भाषणों से छलका गुरुओं के प्रति सम्मान :** विदाई की इस शाम को विद्यार्थियों ने अपनी अभिव्यक्ति से और भी खास बना दिया। अंतिम वर्ष के छात्रों ने कविताओं और भाषणों के माध्यम से अपने गुरुओं की कार्यशैली और उनके द्वारा दी गई सीख की प्रशंसा की। कॉलेज के गलियारों से लेकर लैब तक की यादों को जब शब्दों में पिरोया गया, तो हर कोई भावुक हो उठा।

**गुरुजनों ने दिया उड़ान का आशीर्वाद :** इस अवसर पर विभिन्न विभागाध्यक्षों और शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य और उच्च शिक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभागाध्यक्ष श्रीमती विद्यावती सूर्यवंशी, विकास सिद्धू और श्रीमती पल्लवी नरवरे, शिक्षक आकाश गर्ग, प्रबल गौर, शिवांगी मालवीय, कुमारी नेहा केदार, नैनी पटेल, श्रीमती अनीता वर्मा, सोनिया अग्रवाल, हेमलता शुक्ला सहित स्टाफ मौजूद रहा।

**अनुभव और ऊर्जा का मेल :** जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित इस विदाई समारोह ने यह सिद्ध कर दिया कि शासकीय पॉलीटेक्निक इटारसी में केवल तकनीकी शिक्षा ही नहीं, बल्कि आपसी सौहार्द्र और रिश्तों की गरिमा को भी प्रमुखता दी जाती है। विदा हो रहे विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे अपनी कार्यशैली से समाज में संस्था का नाम रोशन करेंगे।

## सामान से भरा बैग आरपीएफ ने लौटाया

**जागरण, इटारसी।** रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की तत्परता और ईमानदारी के चलते एक यात्री को उसका कीमती सामान सुरक्षित वापस मिल गया। यात्री भूलवश अपना बैग प्लेटफॉर्म पर ही छोड़ गया था, जिसे आरपीएफ ने बरामद कर सुपुर्द किया।

जानकारी के अनुसार, 1 मई 2026 को बाबई निवासी यात्री मोहित मिश्रा 20 वर्ष गाड़ी संख्या 12626 केरला एक्सप्रेस से दिल्ली से इटारसी पहुंचे थे। प्लेटफॉर्म नंबर 2-3 पर उतरने के बाद वे सांची स्टॉल के पास अपना नीले रंग का पिट्ठू बैग भूल गए और स्टेशन से बाहर चले गए। बैग में कीमती लैपटॉप और नगदी मौजूद थी। याद आने पर यात्री ने आरपीएफ पोस्ट नर्मदापुरम को सूचना दी।

आरपीएफ निरीक्षक मनीष पाण्डेय के निर्देशन पर तत्काल प्लेटफॉर्म पर मौजूद आरक्षक निर्मल पटेल ने तलाशी शुरू की। आरक्षक को बताए गए स्थान पर बैठने वाली बेंच पर बैग रखा मिला। बैग को आरपीएफ पोस्ट लाया और यात्री को सूचित किया गया। पोस्ट पर उपस्थित होकर जब यात्री ने बैग खोला, तो उसमें 45,000 रुपये कीमत का आसुस कंपनी का लैपटॉप चार्जर सहित, वॉलेट में रखे 2,000 रुपये नगद व अन्य जरूरी कागजात सुरक्षित मिले। बैग पाकर यात्री के चेहरे में मुस्कान आ गई।

### विवाह | केसला में गूंजी ‘जय सेवा’ की गूंज, विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने जोड़ों को दिया आशीर्वाद,गाए गीत

# 28 जोड़े गोंडी रीति-रिवाज से मड़मिंग बंधन में बंधे

**जागरण, इटारसी।** समाज में फिजूलखर्ची और दहेज जैसी कुरीतियों पर प्रहार करते हुए, नर्मदापुरम जिले के केसला ब्लॉक में आदिवासी समाज ने एक नई मिसाल पेश की है। ग्राम डोवी तालपुरा स्थित पावन तिलक सेंदुर बड़ादेव ठाना में आयोजित भव्य सामूहिक ‘मड़मिंग’ (विवाह) सम्मेलन में 28 जोड़े बिना किसी दहेज के वैवाहिक सूत्र में बंधे।

## परंपरा और संस्कृति का अनूठा संगम

यह आयोजन केवल एक विवाह सम्मेलन नहीं, बल्कि गोंडी संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक रहा। विवाह की समस्त रस्में पूरी शुद्धता के साथ गोंडी रीति-रिवाज एवं नेंग-मिजानों के तहत हुईं। छिंदवाड़ा से आए तिरुमल खुमान सिंह इवनाती और बैतूल के तिरु मदन लाल चौहान के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय भूमका प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। यहां से प्रशिक्षित 22 भूमकाओं ने ही पूरे विवाह संस्कार को संपन्न कराया। पीले चावल, हल्दी की रस्म, मडा नेंग और सतरंगी झंडे की छांव में फड़ापेन सुमरनी के साथ जोड़ों ने दांपत्य जीवन की शुरुआत की।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रेम शंकर वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने न केवल जोड़ों को आशीर्वाद दिया, बल्कि गीत गाकर उनकी खुशियों में शामिल हुए। जिला सदस्य ब्रज किशोर पटेल, सहायक आयुक्त आशा मौर्य, मंजू धुर्वे महिला अध्यक्ष, महेश ठाकुर और विक्रम परते सहित कई नागरिकों ने उपस्थिति दर्ज कराई। आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर के पदाधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि बेटी किसी की भी हो, वह मान-सम्मान के साथ विदा होनी चाहिए। सामूहिक विवाह के इस माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को कर्ज के बोझ से मुक्ति मिली है और समाज में एकजुटता का भाव जागृत हुआ है। तिरुमाल वंशीलाल मर्सकोले अध्यक्ष, भूमका संघ ने कहा कि जिस समाज की जड़े मजबूत होंगी, वही समाज आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ सलाहकार जगदीश ककोड़िया, संरक्षक सुरेन्द्र धुर्वे, समिति अध्यक्ष बलदेव टेकाम, जितेंद्र इवने और अखिलेश इरपाचे सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। केसला का यह आयोजन सिद्ध करता है कि यदि समाज अपनी जड़ों की ओर लौटे और फिजूलखर्ची का त्याग करे, तो प्रगति का मार्ग स्वयं प्रशस्त हो जाता है।

## टूटे स्पॉन से प्लेटफॉर्म 7 पर मंडरा रहा खतरा

**जागरण, इटारसी।** जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर इन दिनों अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। रेलवे ट्रैक के नीचे लगे स्लीपर पत्थर कई जगहों से टूट चुके हैं, जो तकनीकी रूप से ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए बड़ा खतरा हैं। यात्रियों ने पूर्व में हुई रेल दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए इस लापरवाही पर गहरी चिंता जताई है।

ट्रैक पर लगातार जमा हो रहे गंदे पानी और कचरे के कारण वहां से भारी बदबू उठ रही है, जिससे संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म की सुरक्षा दीवारें भी कई जगह से जर्जर होकर टूट चुकी हैं। इन रास्तों स अज्ञात और बिना टिकट यात्री आसानी से स्टेशन में प्रवेश कर रहे हैं, जो सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक की ओर इशारा कर रहा है। स्थानीय यात्रियों ने रेल प्रबंधन से मांग की है कि जल्द से जल्द ट्रैक की मरम्मत और स्टेशन की घेराबंदी दुरुस्त की जाए।

## कल 4 घंटे गुल रहेगी पूरे शहर की बिजली

**जागरण, इटारसी।** शहर के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए रविवार का दिन मुश्किल भरा हो सकता है। बिजली कंपनी द्वारा अधोसंरचना सुधार और रखरखाव कार्यों के चलते 3 मई को शहर के बड़े हिस्से में बिजली कटौती करने का निर्णय लिया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर स्कीम और एलकेजी उपकेंद्र में 33 केवी डबल सर्किट के साथ ही पीपल मोहल्ला उपकेंद्र में बसवार से संबंधित तकनीकी कार्य किए जाने हैं। इस मेंटेनेंस के कारण 33 केवी इटारसी-1 और इटारसी-2 फीडर से जुड़ी सप्लाई पूरी तरह बंद रखी जाएगी। इस शटडाउन का व्यापक असर समूचे इटारसी शहर पर पड़ेगा। मुख्य रूप से ट्रैक्टर स्कीम, पीपल मोहल्ला, न्यास, एलकेजी और बूढ़ी माता उपकेंद्र से संचालित होने वाले सभी फीडरों की बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक बाधित रहेगी। रविवार का अवकाश होने के कारण घरेलू कामकाज और व्यावसायिक गतिविधियों पर इसका सीधा असर देखने को मिल सकता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि काम की अधिकता या तकनीकी पेचीदगी होने पर शटडाउन के समय को आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है।

## जयस्तंभ चौक से बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद

**जागरण, इटारसी।** शहर के जयस्तंभ चौक पर चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए बीती रात एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल की रात करीब 11:29 बजे जयस्तंभ चौक स्थित मिहानी मोबाइल शॉप के सामने खड़ी एक सिल्वर रंग की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 05 एमक्यू 2912 को अज्ञात चोर उड़ा ले गया। चोरी की यह पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में चोर बाइक ले जाते हुए साफ नजर आ रहा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत सिटी थाने में दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई है।